राज्यपाल सचिवालय
राज भवन जयपुर

राज्यपाल ने गोद लिए 'स्ट्रे डॉग' का नाम रखा–चिंतामणी

राज्यपाल ने सड़क पर घूमने वाले आवारा कुत्ते को गोद लिया

जयपुर, 3 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शनिवार को राजभवन में सड़क पर घूमने वाले एक आवारा कुत्ते को गोद लिया है। उन्होंने गोद लिए 'स्ट्रे डॉग' का अपनी ओर से 'चिंतामणी' नाम भी रखा है।

राज्यपाल ने आम जन से भी अपील की है कि वे सड़क पर पैदा होने वाले कुत्तों की स्थानीय प्रजातियों से हमदर्दी रखें और उनकी देखभाल के लिए आगे आएं। उन्होंने भारतीय प्रजाति के स्थानीय कुत्तों को बचाने के लिए अभियान चलाने पर भी जोर दिया। पशुप्रेमी और सड़क पर आवारा घूमने वाले कुत्तों के संरक्षण के लिए काम करने वाली संस्था 'प्रोडक्शन फॉर एनिमल प्रोटेक्शन सोसाइटी' के श्री वीरेन शर्मा ने राज्यपाल को यह कुत्ता गोद दिलाया है।

उल्लेखनीय है कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले 'मन की बात' में लोगों से अपील की थी कि 'स्ट्रे डॉग' के संरक्षण के लिए लोगों को आगे आना चाहिए।

———